


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 188 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 24 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया

## बिना नंबर की कार से दो लाख से ज्यादा का डोडाचूरा जप्त



**सुवासरा, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस द्वारा बिना नम्बर की ग्रे रंग की इगनिस कार से काले रंग के 05 प्लास्टिक के कट्टो में भरा 100 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती दो लाख रूपए का पकड़ा हैं। पुलिस ने मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार किया है।

सुवासरा थाना पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना के आधार पर 22 अप्रैल 2025 को गरोठ- उज्जैन फोर लाईन पर नाकाबंदी कर बिना नम्बर की ग्रे रंग की इगनिस कार से तस्करी करते हुये आरोपी प्रधानसिंह पिता उमरावसिंह सौधिया राजपुत निवासी ग्राम लोगनी थाना सीतामऊसे 100 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा कीमती दो लाख रूपए का व एक बिना नम्बर की ग्रे रंग की इगनिस कार को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है।

**दो दिन के रिमांड पर आरोपी**–प्रधानसिंह पिता उमरावसिंह सौधिया राजपुत निवासी ग्राम लोगनी थाना सीतामऊ को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। अब पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही हैं।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल, किसान नेता ने पहुंचाया अस्पताल

**पिपलियामंडी, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल हो गया। जिसे किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने अपने वाहन से लेकर अस्पताल पहुंचे। हादसा बुधवार रात्रि साढ़े आठ बजे करीब पिपलियामंडी-मनासा मार्ग पर लोडकिया के निकट हुआ। जुगाड़ गाडी से सुखला लेकर जा रहे लोडकिया निवासी कन्हैयालाल बावरी को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान बरडिया (मनासा) से विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर आ रहे किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने वाहन रोककर घायलावस्था में पड़े कन्हैयालाल को अपने वाहन में बैठाकर नारायणगढ़ सरकारी अस्पताल भर्ती कराया।

# गर्मी का फैमिली डॉक्टर हुआ महंगा...

## * पेट्रोल से डबल हुए नींबू के भाव, अदरक भी अंठाया * टमाटर का हाथ गरीबों के साथ, कई सब्जियां पहुंच से दूर

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। इधर गर्मी का असर बढ़ रहा है तो इधर कई सब्जियां तगड़े तेवर दिखाने लगी है। हम बात कर रहे हैं सब्जियों पर महंगाई की। विशेषकर बात करें नींबू की जो गर्मी में कुछ हद तक फैमिली डॉक्टर की भूमिका निभाता है। गर्मी के चलते शिकंजी, गन्ने का रस आदि शीतल पेय की डिमांड भी काफी बढ़ी है। मांग अनुसार नींबू की आवक नहीं होने से दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। फुटकर में नींबू 200 रुपए प्रति किलो का आंकड़ा पार कर गया है। कुल मिलाकर नींबू के भाव पेट्रोल से भी दुगुने हो गए है। इधर अदरक की बात करें तो 120 रुपए किलो तक पहुंच गया। हालांकि, थाली की शोभा बढ़ाने वाला टमाटर फिलहाल गरीबों का साथ इस भीषण गर्मी में भी निभा रहा है। टमाटर की आवक अच्छी होने से फिलहाल इसके भाव 20 रुपए किलो तक ही है।**

### उदयपुर से हो रही डिमांड पूरी..!

सब्जी के थोक विक्रेता मांगीलाल माली ने बताया कि जिले में नींबू की पैदावार सीजन पर ही होती है। ऑफ सीजन में नींबू अकोला महाराष्ट्र से अधिक आता है। लेकिन, अब वहां से भी आवक न के बराबर हो गई है। इन दिनों उदयपुर राजस्थान से नींबू आ रहा है। मांग अनुसार आवक कम होने से नींबू के दाम आसमान छू रहे हैं। वैसे भी भीषण गर्मी से राहत पाने में नींबू का काफी अधिक मात्रा में उपयोग होता है। इसके परिणाम स्वरूप मांग भी बढ़ जाती है। इन दिनों मंडी में नींबू अपने तीखे तेवर दिखा रहा है। पेट्रोल की कीमत से भी दो गुना दाम पर नींबू बिक रहा है। इसी प्रकार अदरक ने भी तेजी पकड़ रखी है। अदरक और नींबू की वजह से महिलाओं का बजट गड़बड़ा गया है।

### सब्जियों के थोक भाव (रुपए प्रतिकिलो)

| सब्जी | थोक | फुटकर |
|---|---|---|
| नींबू | 140-150 | 200-210 |
| अदरक | 80-90 | 110-120 |
| तरोई | 70-80 | 80-90 |
| गिलकी | 70-80 | 80-90 |
| सरजना फली | 30-40 | 40-50 |
| लोकी | 15-20 | 20-30 |
| फूल गोभी | 30-40 | 40-50 |
| पत्ता गोभी | 30-40 | 40-50 |
| शिमला मिर्च | 80-100 | 100-120 |
| चायना ककडी | 24-25 | 35-40 |
| टमाटर | 15-20 | 20-25 |
| आलू | 18-20 | 22-25 |
| पालक | 10-12 | 18-20 |
| मैथी | 40-50 | 50-60 |
| बैंगन | 20-25 | 30-40 |



### बिगड़ा शिकंजी का जायका...

सब्जी के थोक विक्रेताओं का मानना है कि इन दिनों मंडी में मांग अनुसार नींबू और अदरक की आवक कम हो रही है। वैसे भी इस भीषण गर्मी में अदरक, सोंठ बनने की स्थिति में पहुंच जाती है। बिजवारे के लिए भी किसान रख लेते हैं। दूसरी ओर भीषण गर्मी में मांग बढने से नींबू का उठाव अधिक होता है। दूसरी ओर सब्जी मंडी में मांग अनुसार नींबू की आवक नहीं हो रही है। नींबू का उत्पादन जिले में इतना होता भी नहीं है। महाराष्ट्र, राजस्थान व मध्यप्रदेश के अन्य शहरों से आवक होती है। नींबू के दाम इस समय पेट्रोल-डीजल को भी पछाड़े हुए है। थोक में ही 140-150 रुपए किलो के भाव हैं। फुटकर में तो नींबू 200-210 रुपए किलो का आंकड़ा पार कर चुका है। इसके चलते भीषण गर्मी में घर पर शिंकजी बनाने में लोगों के पसीने (दाम सुनकर) छूट रहे हैं। शीतलपेय में सबसे अधिक नींबू का ही उपयोग होता है। होटल, ढाबे, गन्ने की चरखी, शिकंजी के ठेले आदि स्थानों पर नींबू कम ही दिखाई दे रहा है।

### सब्जियों की आवक प्रभावित...

सब्जी विक्रेताओं के अनुसार गर्मी में सब्जियों की आवक भी प्रभावित हो जाती है। इसके चलते दाम बढ़ते ही हैं। अप्रेल-मई में दामों पर विशेष फर्क भी नहीं पड़ता है। मानसून आगमन के बाद ही कुछ दाम कम होते हैं। महाराष्ट्र या अन्य राज्यों में सब्जी की अच्छी पैदावार से अवश्य मई माह में कुछ दाम कम होने की उम्मीद रहती है। इन दिनों थोक में ही सब्जी के दाम 15-20 रुपए प्रति किलो हैं। फुटकर में 10 से 12 रुपए दाम अधिक रहते ही हैं। सब्जी के दाम बढ़ने से थाली का जायका भी प्रभावित हुआ है। घरों में अब नियमित रूप से चटकारेदार सब्जियां कम बन रही हैं। सामान्य सब्जी का अधिक उपयोग हो रहा है।

### कोल्ड स्टोरेज से निकल रहा कम...

थोक व्यापारी समय से पहले नींबू कम भाव में खरीदकर कोल्ड स्टोरेज में रख लेते है। ऐसे माफिया ही नींबू की आवक को प्रभावित कर भाव बढ़ाते है। जिससे उनके द्वारा स्टाक किया गया नींबू अच्छे भाव में बिके और ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके। प्रशासन को ऐसे जमाखोरो पर भी कार्यवाही करना चाहिए।

## तहसीलदार को अयोग्य घोषित करने की मांग

### फर्जी वसीयत के आधार पर नामांतरण का आरोप; कोर्ट ने जारी किए नोटिस

**जावरा, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। जावरा में एक विवादित नामांतरण मामले में तहसीलदार संदीप इवने को अयोग्य घोषित करने की मांग को लेकर कोर्ट में वाद दायर किया गया है। कोर्ट ने राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, कमिश्नर और कलेक्टर समेत तहसीलदार को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।**

बामनखेड़ी निवासी बाबू खां और मोहम्मद खां ने अधिवक्ता ओमप्रकाश बघेरवाल के माध्यम से यह वाद दायर किया है। वाद में बताया गया है कि वादियों की मां नूरजहां बी के नाम पर 1968-69 में खरीदी गई जमीन पर उनका स्वामित्व है, जहां वे मकान बनाकर रह रहे हैं। मामले के अनुसार, वादियों की बहन मुन्नी बी के स्वर्गवास के पांच वर्ष बाद उनके बेटे ने फर्जी वसीयत के आधार पर नामांतरण की कार्रवाई की, जिसे 30 जनवरी 2024 को तहसीलदार ने निरस्त कर दिया था। इसके बाद मुन्नी बी के पति भूरू खां और उनके बच्चों ने पुन: नामांतरण के लिए आवेदन किया। वादियों का आरोप है कि तहसीलदार ने बिना व्यक्तिगत सूचना दिए 22 जुलाई को नामांतरण का आदेश पारित कर दिया। इसके बाद 09 अप्रैल 2025 को अवैध विक्रय पत्र के आधार पर फिर से नामांतरण आदेश जारी कर दिया। वादियों का कहना है कि तहसीलदार ने जानबूझकर विधि प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया और न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग किया।

## वकीलों की हड़ताल खत्म

### नए न्यायालय भवन में पूजा-अर्चना के साथ कामकाज शुरू

**नीमच, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला अभिभाषक संघ की 17 दिन लंबी हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। वकीलों ने सुबह 11.30 बजे नवीन न्यायालय भवन में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कामकाज शुरू किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुरुष अधिवक्ता मौजूद रहे। हड़ताल के कारण न्यायालय का कामकाज पूरी तरह ठप था। पक्षकारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई रुक गई थी। गतिरोध समाप्त करने के लिए अभिभाषक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ न्यायाधीश से मुलाकात की। न्यायाधीश ने वकीलों की मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया। बातचीत के बाद संघ ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। शहर के प्रतिष्ठित पंडितों ने नए न्यायालय भवन में विशेष पूजा-अर्चना कराई। वकीलों ने न्यायिक प्रक्रिया की सुचारू शुरुआत और भवन में सुख-समृद्धि की कामना की। लंबे समय बाद न्यायालय परिसर में रौनक लौटी। संघ पदाधिकारियों ने सभी वकीलों से एकजुट होकर न्यायिक प्रक्रिया को सुचारू रखने की अपील की। उन्होंने वरिष्ठ न्यायाधीश और जिला प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। अब नए न्यायालय भवन में नियमित कामकाज शुरू हो गया है। लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी आने की उम्मीद है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने न्याय के मंदिर को नई उंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया है।



## डंठल के साथ डोडो की तुलाई

सीपीएस पद्धति से डोडाचुरा लेकर तौल केन्द्र पहुंचे अफीम किसान, इस दौरान अफीम तौल केन्द्रों पर लंबी लाइने लगी।

## सीसीटीवी में कैद हुए चोर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वेंटीलेशन तोड़कर चोरी करने वाला चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। दुकानदार की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। खजूरी चन्द्रावत निवासी उमरावसिंह पिता हरिसिंह चन्द्रावत ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गत् दिनों रात्रि में चोरी दुकान का वेंटीलेशन तोड़कर घुसा और नकदी व विमल गुटखा, सिगरेट के पैकेड चोरी कर ले गया। दुकान में लगे सीसीटीवी चेक किए तो गांव का मनोहर उर्फ कंवरलाल बंजारा गल्ले में से रुपए निकालता हुआ कैद हो गया। पुलिस ने बुधवार को चोरी का प्रकरण दर्ज किया।




## भीषण गर्मी का अलर्ट

मंदसौर शहर सहित अंचल और प्रदेश के अधिकांश हिस्से गर्मी की चपेट में है। अप्रैल में ही यह आलम है तो मई-जून का अंदाजा लगाया जा सकता है। जबकि, अप्रैल के आखिरी में भीषण गर्मी का अलर्ट भी जारी किया गया है। तेज गर्मी की वजह से इंदौर के कई चौराहों पर टेंट लगा दिए गए हैं। ताकि, राहगीरों को राहत मिल सके।

वहीं, उज्जैन स्थित श्री महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के पैरों को जलने से बचाने के लिए मेटिंग बिछाई गई है। इधर, गुरुवार को प्रदेश के 6 जिलों में लू का अलर्ट है। इनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, सीधी और सिंगरौली जिले शामिल हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत अन्य शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी।



## बड़े अस्पताल की छत के सरिऐ निकले, दीवारें क्षतिग्रस्त

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। बड़े अस्पताल का भवन अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। वार्डों और गलियारों की दीवारें टूट रही हैं। छत से सरिए बाहर निकल आए हैं। बारिश का मौसम नजदीक होने से खतरा और बढ़ गया है।**

वर्ष 2014 के बाद से अस्पताल का प्लास्टर और छत का हिस्सा लगातार गिर रहा है। पिछले 11 सालों में 7-8 हादसे हो चुके हैं। सैकड़ों मरीज और परिजन जान जोखिम में डालकर इलाज करवा रहे हैं। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है। रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से सोनोग्राफी सेंटर कई सालों से बंद पड़ा है।



इस संबंध में जब सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंह चौहान से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अस्पताल की बिल्डिंग कई सालों पुरानी है, मेंटेनेंस के तौर पर हम हर साल इमारत की मरम्मत करवाते हैं। भवन नया बने इसके लिए सिविल सर्जन के माध्यम से प्रपोजल स्टेट गवर्नमेंट को भेजा गया है।

## राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा तक जिले के पदाधिकारियों को भी इंतजार करना पड़ेगा...

**मंदसौर/उज्जैन, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा संगठन के जिला अध्यक्षों की घोषणा हुए एक माह से अधिक समय गुजर गया है। जिला संगठन में पद पाने वालों के इंतजार का समय पहलगाम की दुखद घटना ने और लंबा खींच दिया है। अनुशासित भाजपा संगठन में जिला अध्यक्षों की घोषणा भी ऐसे समय हुई है जब नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा को लगातार किसी न किसी कारण लंबा खींचा जा रहा है। हाल ही में फिर से जगत प्रसाद नड्डा को 40 दिन का अतिरिक्त कार्यकाल बढ़ाने के बावजूद माना जा रहा था कि किसी भी हालत में अप्रैल अंत तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम जाहिर हो जाएगा। भाजपा के जिला संगठन पदाधिकारियों को अपनी घोषणाओं के लिए डबल इंजन नेतृत्व में इंतजार भी डबल करना पड़ रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

मतलब साफ है कि जब तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम घोषित नहीं होगा। तब तक आधे प्रदेश अध्यक्षों के नाम भी रुके रहेंगे। और जब तक प्रदेश अध्यक्षों के नाम उजागर नहीं किए जाएंगे तब तक जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा भी रुकी रहेगी। भाजपा की राजनीति में ऐसे दौर कम ही आते हैं कि किसी प्रदेश संगठन पदाधिकरियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा के इंतजार के कारण विलंब झेलना पड़ा हो। और ऐसा ही प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के इंतजार में जिला संगठन के पदाधिकारियों को !

राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नए नाम के चयन में पहले से ही नड्डा का 40 दिन का अतिरिक्त कार्यकाल चल रहा है। आरएसएस और भाजपा सरकार के शीर्ष नेतृत्व में नए नाम की घोषणा में असमंजस पहले से ही गहराया हुआ था कि पहलगाम की दुखद घटना ने देशभर की राजनीतिक गतिविधियों को यथा स्थिति बनाए रखने को मजबूर कर दिया है। जनहानि की संख्या को देखते हुए कहा जा सकता है कि संघ को भी अब समय आने का इंतजार करना ही पड़ेगा।

भाजपा के डबल इंजन नेतृत्व और संघ के प्रमुख पदाधिकारियों की अभी तक की आपस की गतिविधियों में किसी एक नाम पर सहमति न बनने के कारण ही नड्डा के कार्यकाल को खींचा जा रहा है। अब विवाद दर्शाकर लंबा खींचा गया तो दोनों की ही छीछालेदार होगी। इधर संघ की चयन प्रक्रिया अनुसार तय नाम पेश किया जा चुका होगा। डबल इंजन नेतृत्व को इसी नाम पर मोहर लगाना बाकी है। यह भी हो सकता है कि दोनों को एक दूसरे के सुझाए नाम पसंद ना आने की स्थिति में दोनों ही नए विकल्प के साथ तय करेंगे! पर तब तक जिला अध्यक्षों के साथ जिलों के संभावित पदाधिकारियों को भी इंतजार रहेगा नए अध्यक्ष के नाम की की घोषणा तक। राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के लिए जितना समय लंबा खींचेगा, तब तक छत्रप नेताओं पर समर्थक कार्यकर्ताओं का दबाव भी लगातार बना रहेगा।



# जिला पंचायत के सहयोग से जिला एवं ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित होगी

## अभिरुचि केंद्र संचालक एवं जल सेवा शिविर हेतु स्काउट गाइड जिला संघ की बैठक आयोजित

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संघ मंदसौर की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला गाइड कमिश्नर टेरेसा मिंज थी। जिला रोवर्स कमिश्नर एन डी वैष्णव एवं जिला कब कमिश्नर हरीश नामदेव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम स्काउट के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पहार पश्चात बैठक प्रारंभ हुई। परिचय के पश्चात जिला सचिव द्वारा सुश्री सलमा शाह द्वारा बैठक की कार्यवाही विवरण प्रस्तुत की एवं आज की बैठक के मिनटस पर चर्चा हुई जिले में सभी संकुल एवं विकासखंड प्रभारी को निर्देशित किया कि जिले के समस्त शासकीय विद्यालय जहां विद्यालय में पेड़ है वहां पर पक्षियों के लिए सकोरे जल पात्र बांधे जाएं एवं प्रतिदिन उनमें पानी बदला जाए जिससे पक्षियों के स्वास्थ्य पर लु का असर नहीं होगा । साथ ही जिला पंचायत के सहयोग एवं सानिध्य में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला पंचायत के सानिध्य में किया जाएगा। इस वर्ष भारत स्काउट गाइड की टीम भी जिला प्रदेश जिला संभाग प्रदेश स्तर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेगी। साथ ही जिला मुख्यालय द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर पालिक परिषद क्षेत्र में नगर पालिका क्षेत्र में जल सेवा दल का संचालन किया जाए उसमें नगर परिषद और नगर पालिका का सहयोग लिया जावे इसके साथ ही वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया गया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित–** जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी, जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, कमिश्नर रोवर्स कमिश्नर एवं राज्य कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य एनडी वैष्णव, कब कमिश्नर हरीश नामदेव, मंदसौर स्काउट प्रभारी मनोहरलाल शर्मा, मोहम्मद उमर शेख, मोहनलाल सिंधी, मल्हारगढ़ प्रभारी कमल राठौर एवं सुखदेव बोरीवाल गरोठ प्रभारी राजेश कुमार पांडे, भानपुरा प्रभारी हरीश नामदेव के साथ ही ज्योति सिंह, अर्चना अटवाल, चन्द्रज्योति नकवाल, अनीता सिंगार, प्रीति नरानिया, रीना श्रीवास्तव, सिद्धश्री चौबे, मदनलाल सोनार्थी, प्रभुलाल चौहान, अशोक आर्य, मोहनलाल दोहरा, रामनिवास फरक्या, बालकृष्ण कुमावत आदि उपस्थित रहे।

**पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि–** बैठक के पश्चात पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर आतंकवादी कार्यवाही की घोर निंदा की गई।

## विद्यार्थियों को मिली एलईडी की सौगात अब करेंगे अध्ययन ऑनलाइन

**नीमच, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिसलवास कलां के सभागार में कक्षा कक्ष में नव स्थापित स्मार्ट एलइडी टीवी का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया रोटरी क्लब नीमच के अध्यक्ष शरद जैन व सचिव युजुवेंद्र भाटिया, सुरेश सोडाणी, राजेश राठौड़ ( सरपंच) कैलाशसिंह राठौड़, जसवंत कणिक (जन शिक्षक ) श्रीमती रंजीता चौहान( जन शिक्षिका ) श्रीमती स्नेह लता राजावत, श्रीमती उर्मिला सिंहराजावत( आंगनवाडी कार्यकर्ता) एवं विद्यालय के सभी बच्चों की उपस्थिति में अध्यक्ष शरद जैन द्वारा स्मार्ट एलइडी टीवी का स्विच ऑन कर शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही आंगनवाडी में भी अध्यक्ष श्री जैन द्वारा एक पंखा आंगनवाडी में प्रदान किया गया । विद्यालय को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए विद्यालय परिवार द्वारा रोटरी क्लब नीमच के अध्यक्ष शरद जैन को प्रमाण पत्र प्रदान सम्मानित किया गया।

## आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 मई तक

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2024–25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति आवेदन हेतु MPTAAS पोर्टल पुन: प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम दिनांक 31 मई निर्धारित की गई है। जिलें में संचालित समस्त महाविद्यालयों को निर्देषित किया जाता है, कि संस्था में अध्ययनरत वर्ष 2024–25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रों के MPTAAS पोर्टल पर आवेदन जमा किए जाए।



# श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण मेवाडा सुथार समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति मंदसौर द्वारा दिनांक 25 अप्रैल, शुक्रवार को श्री पशुपतिनाथ मंदिर अतिथि गृह प्रांगण ओखाबावजी के पास मंदसौर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में 8 जोड़े एक साथ विवाह सूत्र के बंध में बंधेंगे। विवाह को लेकर समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है, विशाल पंडाल तैयार किया जा रहा है। सम्मेलन स्थल आगंतुकों की सुविधा हेतु व्यवस्थाएं जुटाई जा रही है।

उक्त जानकारी देते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा डीडीवेल लीलदा ने बताया कि सम्मेलन के एक दिन पूर्व 24 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन होगा। तथा 25 अप्रैल को प्रात: 7 बजे गणपति स्थापना, 7.30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे बारात आगमन, 8.30 बजे बारात स्वागत, 9.30 से प्रीतिभोज, 10 बजे तिलकचिढ़ी, 11.30 बजे तोरण, दोप. 12.15 बजे पाणिग्रहण संस्कार, दोप. 12.30 बजे अतिथि स्वागत, दोप. 4 बजे आशीर्वाद व विदाई समारोह आयोजित होगा। इस विवाह सम्मेलन में मध्यप्रदेश व राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से वर वधू का सामूहिक विवाह आयोजन होगा। समिति अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा डीडीवेल लीलदा, उपाध्यक्ष कचरूलाल खेराणा पाल्यामारु, मंदिर समिति अध्यक्ष बंशीलाल पालेचा, धर्मशाला समिति अध्यक्ष कारूलाल पालेचा, कोषाध्यक्ष मांगीलाल शर्मा हमरोदिया, सहसचिव निरंजन शर्मा उमरावल, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा तोषनीवाल, मुकेश शर्मा उमरावल, कंवरलाल शर्मा उच्छाणा, यशवंत शर्मा खण्डेलवाल, महेश टोनी हमरोदिया, कन्हैयालाल पालेचा, प्रमोद शर्मा, सगठन मंत्री ओमप्रकाश शर्मा हमरोदिया, देव विश्वकर्मा दरोलिया, प्रचार मंत्री मनोहरलाल शर्मा उच्छाणा, भगतराम शर्मा तामडोलिया ने सभी समाजजनों से सुंदरकाण्ड व सामूहिक विवाह सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उक्त जानकारी अध्यक्ष बाबूलाल डीडीवेल ने दी।

## भीषण गर्मी में स्ट्रीट डॉग, पशु, पक्षियों के रक्षार्थ चारा, दाना एवं पानी की व्यवस्था जनमानस करें

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बताया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुये सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों के आस-पास पक्षियों के लिये पेड़ों पर पानी के पात्रों को लगवाये जाएँ एवं उनमें प्रतिदिन पानी की उपलब्धता की जायें, जिन क्षेत्रों में पक्षियों की आवाजाही अधिक रहती है वहाँ के पेड़ों पर दाने के लिये पात्रों की व्यवस्था की जावें। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट डॉग एवं पशुओं के लिये पानी एवं खाने की व्यवस्था की जाएँ, जिससे आम जनमानस को डॉग बाइट से बचाया जा सकें। सामाजिक संस्थाएँ एवं आम जनमानस स्ट्रीट डॉग पशुओं एवं पक्षियों के रक्षार्थ में अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि स्ट्रीट डॉग, पशुओं एवं पक्षियों को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सकें।

# चौबीस मगरा संजीत गौधाम में श्रमदान किया

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। गायत्री परिवार के श्रमदानियों ने मंदसौर से 25 कि.मी. दूर स्थित गायत्री परिवार की गौधाम गौ विज्ञान शाला चौबीस मगरा संजीत रोड़ पर श्रमदान कर साफ सफाई की तथा वहां की करीब 400 गायों को हरे चारे का आहार भी कराया।**

इस गौशाला में अधिकतर गाये वृद्ध है। उनको हरा चारा मिलना चाहिए। गौ सेवक व गौ भक्त नगर से वहां हरा चारा पहुंचा सकते है। या गायत्री परिवार में इसके निमित्त दान देकर रसीद प्राप्त कर सकते है। ताकि वहां एक गाड़ी हरा चारा पहुंच सके और गौ माता की सेवा हो सके। श्रमदानियों ने कहा कि आज के युग में गाय को भी व्यापार माना जा रहा है। जब तक दूध देती है तब तक गौपालक उसे रखता है उसके बाद गौशाला में छोड़ देता है। गायत्री परिवार ने सेवा का मार्ग अपनाया है। गौ धाम पर एक भी दूध देने वाली गाय नहीं है। यहा मात्र गौमाता की सेवा की जाती है। आने वाले समय में एक जोन में गायत्री परिवार की एक गौशाला खोली जाएगी या जो गौशाला बंद होने वाली है या बंद हो गई है उन्हें पुन: चालू किया जाएगा व गाय की सेवा की जाएगी। जिले के एसपी. साहब के पिताजी ने भी गौशाला जाकर गौमाता को हरे चारे का आहार करया और गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। वह यहां आकर प्रसन्न हुए।



समाजसेवी दिनेश पोरवाल के सानिध्य में सभी श्रमदानियों ने गौमाता को चारा डालकर आशीर्वाद लिया। तथा अगला कार्यक्रम पौधारोपण करने का तय किया गया। ताहिर भाई ने भी गौशाला में गौमाता को चारा खिलाया और आशीर्वाद लिया। गौभक्त एलआईसी के अनिल भावसार ने भी गौधाम में श्रमदान में भाग लिया व गौमाता की सेवा की। इस दौरान समाजसेवी दिनेश पोरवाल, योगेशसिंह सोम, मांगीलाल लक्षकार, लोकेन्द्र, हेमन्त, ताहिर भाई, कंगन सेठ, बाबूलाल पाटीदार, शांति बहनजी, सुरेश, अनिल भावसार एलआईसी, निरंजन सांखला, दिनेश खत्री, सोहनलाल कोठारी एडवोकेट, निरंजन रत्नावत सहित अनेक गौभक्त उपस्थित थे।



## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही, तहसीलदार के साथ किया खाद्य संस्थाओं का निरीक्षण

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशार्नुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मल्हारगढ़ क्षेत्र में तहसीलदार ब्रजेश मालवीय और राहुल डाबर के साथ खाद्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया एवं सेम्पल जब्त किये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते कलेक्टर के निर्देश पर मल्हारगढ़ क्षेत्र में तहसीलदार ब्रजेश मालवीय और राहुल डाबर के साथ दिनांक 23 अप्रैल बुधवार को मिनाक्षी होटल पिपलियामंडी से लस्सी और बटर मिल्क, पटेल सा. होटल से मावा, एम.पी. होटल से पनीर और बप्पू की होटल से सोयाबीन तेल के नमुने लिये गये। जो जांच वास्ते राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये । जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही की जायेंगी। सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट संचालकों को उचित साफ – सफाई के साथ व्यवसाय करने के निर्देश दिये गये। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मिल्क उत्पादों का उचित डीप फ्रीज में रख कर व्यवसाय करने के निर्देश दिये गये है। कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# श्री परशुराम जन्मोत्सव हेतु समिति का गठन

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 30 अप्रैल को श्री परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन में सकल ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति पूर्ण रूप से अपनी सहभागिता करेगी। जिस हेतु सकल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. श्री दिलीप शर्मा की अनुशंसा से मातृशक्ति आयोजन समिति का गठन किया गया है।

इस समिति में अध्यक्ष विद्या राजेश उपाध्याय, संरक्षक सीमा महेश नागर, मार्गदर्शिका अंजू तिवारी, नगर अध्यक्ष नीता चौबे, नगर उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, सहसंरक्षक बिन्दू चन्द्रे, नगर प्रचारक किरण गौड़ को बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ सदस्य सोमलता जोशी, ललिता भारद्वाज, वृतिका पारिक, गायत्री ओझा, गीता जोशी, मंगला त्रिपाठी, सीमा शर्मा, आशा व्यास, सुधा तिवारी, सरोज शर्मा, संध्या शर्मा, गिरिजा प्रधान, किरण शर्मा को लिया गया है। समिति की सदस्य यशिता दवे, संगीता नागर, किरण शर्मा, सीमा आचार्य, विमलवाणी, चंदा चाष्टा, गीता दुबे, वर्षा दवे, शितल उपाध्याय, मीना शर्मा, कृतिका शर्मा, प्रियंका राजोरा, साधना नागर, डोली नागर, विजयलक्ष्मी पंचारिया, बिन्दू व्यास, किरण शर्मा, अंजना शर्मा, कीर्ति जोशी, अंजना मंडलोई, गितिका व्यास त्रिपाठी, कमला शर्मा, सोनम शर्मा, टीना शर्मा, वेधकुमारी शर्मा, अमृतबाला शर्मा, मीना शर्मा, अंतिमा जोशी, निर्मला शर्मा, सुनीता शर्मा, उषा शर्मा, कविता शर्मा, इन्दूबाला शर्मा, कल्पना शर्मा, कविता दुबे, करूणा भट्ट, कृष्णा तिवारी, कुसुम पुरोहित, मोनिका पुरोहित, अंजू शर्मा, सोनम शर्मा, अंजू शर्मा, टीना शर्मा, ज्योति शर्मा, दर्शना शर्मा, निर्मला व्यास, पूजा व्यास, ममता पाण्डे, शांता व्यास, ललिता पाण्डे, स्नेहलता जोशी, सुनिता शर्मा, सुधा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, गायत्री त्रिवेदी, यशोदा त्रिवेदी, रेखा त्रिवेदी, मेधा त्रिवेदी, ममता व्यास, संगीता तिवारी, पूजा शर्मा, पूजा त्रिवेदी, रेखा जोशी, साधना नागर, उषा शर्मा, रेणुका तिवारी, ममता पाण्डे, प्रेमलता आचार्य, प्रतिभा भट्ट, शोभना शर्मा, साधना पाण्डे, आशा शर्मा, ज्योति मोड़, कोशल्या शर्मा, दिलखुश त्रिवेदी, गीता पारीख, शकुंतला नागर, रंजना राजपुरोहित, चन्द्रकला शर्मा, योगिता सिखवाल, अल्का व्यास, अर्चना भारद्वाज, अर्चना शर्मा, राधा शर्मा, रूकमणी शर्मा, साधना अग्निहोत्री, शांता रावल, उर्मिला शर्मा, अनामिका शर्मा, उषा गंधरा, रश्मि शर्मा, टीना पुरोहित, नेहा दीक्षित, चंचल नागर, पिंकी शर्मा, पुष्पा शर्मा, मंगला व्यास, रंजना पुरोहित, लक्ष्मी शर्मा, विभा आचार्य, सपना व्यास, सरोज कुकीर्य, उर्मिला नागर, निर्मला नागर आदि को बनाया गया है। उक्त जानकारी सीमा नागर ने दी।


## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेल वृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी की संचालनालय, खेल और युवा कल्याण म.प्र. 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च, 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाडियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी को राशि रु. 10,000/– रजत पदक विजेता खिलाडी को राशि रू. 8.000/– एवं कांस्य पदक विजेता खिलाडी को राशि रु. 6.000/–खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है।वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन आगामी 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त कर सकते है। 31 मई के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्ट्रीट वेंडर्स एवं हाकर्स को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक, लिए नमूने

**नीमच, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर नीमच श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बुधवार को फवारा चौक नीमच स्थित स्ट्रीट फूड वेंडर एवं हॉकर्स को खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस जागरूकता कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे कि नाखून कटे हुए हो ,कपड़े सा हों ,ग्लव्स ,केप,एप्रेन पहन कर रखने, खाद्य पदार्थ ढक कर रखने ,तेल का कलर बदलने पर उपयोग नहीं करने,मिर्च मसालों का सीमित मात्रा में उपयोग करने ,पीने के पानी के बर्तन को प्रतिदिन धोने एवं पीने योग्य पानी रखने,तैयार खाद्य पदार्थो को ढंक कर रखने आदि के संबंध में समझाइश दी गई। विभाग द्वारा स्ट्रीट फूड वेंडर/हॉकर्स बालाजी टी स्टॉल फव्वारा चौक से एक नमूना बने हुए पोहा



,समता नाश्ता सेंटर फव्वारा चौक से एक नमूना ब्रेड पकोड़ा व संवारा नाश्ता फव्वारा चौक से एक नमूना आलू बड़ा के जांच हेतु लिए गए। बुधवार को खाद्य सुरक्षा की टीम ने जगदीश मिष्ठान तिलक मार्ग नीमच से दो नमूने जिसमें से एक नमूना केसर बर्फी व एक नमूना खोपरा पाक के लिए गए। सभी लिए गए नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएंगी।जिले में स्ट्रीट फूड वेंडर एवं हॉकर के लिए जागरूकता एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा एवं नमूना संग्रहण कार्यवाही भी निरंतर जारी रहेगी। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने दी।

# भारतीय शिक्षण मंडल का स्थापना दिवस मनाया



**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय सी एम राइज (महर्षि सांदीपनी) विद्यालय साबाखेड़ा जिला मन्दसौर में भारतीय शिक्षण मंडल जिला शाखा मन्दसौर द्वारा 56 वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संस्कृति से पोषित शिक्षा ही विकसित भारत की प्राण ऊर्जा विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सारस्वत अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के जिला संयोजक व गुरूकुल प्रकोष्ठ सहप्रमुख मालवा प्रांत श्री श्यामसुंदर देशमुख ने संगठन का परिचय दिया एवं 5 आयामों को समझाया। विशिष्ट अतिथि शिक्षा-विद् श्री रमेशचन्द्र चन्द्रे ने भारतीय मूल्यों से श्रेष्ठ संकल्पों की सिद्धि होने का उल्लेख किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के प्राध्यापक डॉ. अनिल आर्य ने संस्कृत, संस्कृति और संस्कार की समृद्ध परंपराओं एवं भारतीय मूल्यों से पोषित शिक्षा को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र सोहोनी ने भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक स्वरूप का दर्शन कराया। सरस्वती वंदना तथा कल्याण मंत्र का वाचन सुश्री हर्षिता मैडम ने किया । ध्येय मंत्र का वाचन श्री दिनेश नागर सर ने किया । अतिथि परिचय श्री सुनार्थी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शंभूसिंह चुण्डावत ने किया। कार्यक्रम का आभार संस्थान के प्राचार्य श्री दिलीपसिंह डाबी ने माना। कार्यक्रम में श्रवण कुमार त्रिपाठी, चन्द्रकांत शर्मा, भारतसिंह मंगोलिया, नरेन्द्र शर्मा, विक्रम शर्मा, भगवती शर्मा, श्याम मीणा, दयाशंकर बघेरवाल, विष्णु बघेरवाल, संजय महाराणा, गिरीश ढमढरे, घनश्याम झरिया, देवीलाल सुनार्थी, महेश त्रिवेदी, विक्रमसिंह सिसौदिया, श्यामलाल सोनी, अशोक नागदा, धर्मपालसिंह देवड़ा आदि उपस्थित थे।

## उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का ऑनलाईन पंजीयन कर लाभ उठाये

**नीमच, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्कनरण विभाग म.प्र. भोपाल के माध्यम से वर्ष 2025–26 में लाभ हेतु फलोद्यान, संकर सब्जी क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तालर, पुष्प क्षेत्र विस्तार, प्यादज क्षेत्र विस्तार,संरक्षित खेती घटक, शेडनेट हाउसए प्लास्टिक मल्चिंग, जैविक खेती घटक वर्मी बेड, बागवानी यंत्रीकरण घटक, छोटा ट्रेक्टकर फसलोपरांत प्रबंधन घटक, पैक हाउस, प्यारज/लहसून भण्डा र गृह सूक्ष्मट सिंचाई संयंत्र, ड्रिप, मिनी, पोर्टेबल स्प्रिंकलर आदि के पंजीयन उद्यानिकी विभाग के माध्यम से https://mpfsts.mp.gov.in/mphd/#/new-application oलंक पर पंजीयन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। पंजीयन के लिए पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पासबुक, खसरा की नकल, आधार कार्ड की कॉपी, अ.जा. एवं अ.ज.जा.वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र की कॉपी, आधार लिंक मोबाईन नंबर का होना जरूरी है। उप संचालक उद्यान श्री अंतरसिह कन्नौजी ने सभी किसान भाइयों से अपील की है, कि अधिक से अधिक पंजीयन करें, ताकि योजनाओं का लाभ मिल सके। योजना अन्त र्गत आवेदन के लिए नीमच विकासखंड के प्रभारी श्री सन्दीप कुमार प्रजापत मो.नं.7024865165 मनासा विकासखंड के प्रभारी श्री जितेन्द्र खमोरिया मो.नं.8435045578 एवं जावद विकासखण्ड के प्रभारी श्री कमलेश चौहान मो.नं. 9111692292 से संपर्क कर सकते हैं।



## संस्कार भारती द्वारा भू-अलंकरण दिवस मनाया

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भू-अलंकरण दिवस पर प्रतिवर्ष संस्कार भारती रंगोली निर्माण कर समाज जागरण का उपक्रम करती है। इसी तारतम्य में 22 अप्रैल को दवा बाजार मंदसौर में भू-अलंकरण दिवस मनाया गया। जिसमें संस्कार भारती की रंगोली विधा प्रमुख श्रीमती मालती गेहलोत द्वारा दवाई वाले बालाजी मंदिर के सामने सुंदर रंगोली बनाई गई। जिसकी सभी ने बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता बंधुओं ने अपनी मातृभूमि एवं प्रकृति के प्रति स्नेह, प्रेम बना रहे ऐसा संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि शर्मा, रमेश चंद्रे, श्यामसुंदर चौधरी, राजेश तिवारी, उमेश पारिख, चिंटू मिंडा, सुनील पाटीदार, दीपक शर्मा, संस्कार भारती के विभाग संयोजक प्रवीण मिंडा, उपाध्यक्ष योगेश याज्ञनिक, नरेंद्र अग्रवाल, नीलेश सोनी, मालती गहलोत, प्राची देशमुख, प्रियांशी गेहलोत उपस्थित थे। यह जानकारी संस्कार भारती जिलाध्यक्ष कन्हैया देशमुख ने दी।

## युवा प्रेस क्लब आज देगा कश्मीर हमले में दिवंगतों को श्रृद्धांजलि

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष चरण राजपाल ने बताया कि पहलगाम में आतंकवादियो के कायराना कृत्य की घनघोर भर्त्सना करते हुए हम सब इसके विरोध में खड़े है। भारत सरकार से आतंकियों और उनके आकाओं को नेस्तनाबूद करने की मांग करते हुए युवा प्रेस क्लब, मंदसौर के आव्हान पर आज दिनांक - 24 अप्रैल 2025 गुरुवार को सायं 5 बजे गांधी चौराहे पर नगर सहित अंचल के पत्रकारगण एकत्र होंगे और आक्रोश व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रृद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस आह्वान का समर्थन करने वाले सामाजिक संगठन साहित सभी समर्थन देने वाले साथी भी आमंत्रित है।

# गुजराती सेन समाज संत शिरोमणि सेनजी महाराज का 725 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनायेगा

**मंदसौर, 23 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज मंदसौर नगर इकाई द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणी श्री सेनजी महाराज का 725वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 25 अप्रैल, शुक्रवार को मनाया जाएगा। समाज द्वारा इस दिन विशाल व भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। साथ ही संगीतमय सुंदरकांड, महाआरती एवं समाजजनों की भोजनप्रसादी का आयोजन भी होगा।

उक्त जानकारी देते हुए सेन जयंति प्रभारी अंतिम देवड़ा, गुजराती सेन समाज के युवा नगर अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने बताया कि 25 अप्रैल को समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। सायं 4 बजे स्वामी श्री कृष्णानन्द सेन छात्रावास कैलाश मार्ग से भव्य चल समारोह निकलेगा जो बस स्टेण्ड बड़े बालाजी, घण्टाघर, शुक्ला चौक, कालाखेत होकर पुन: कृष्णानन्द सेन छात्रावास पहुंचेगा। बैण्ड बाजे व ढोल ढमाकों के साथ निकलने वाले इस चल समारोह में समाज की माता बहने चुनरी व औरेंज साड़ी में तथा पुरूष सफेद कुर्ता पजामा व ड्रेस में सम्मिलित होंगे। साथ ही भव्य बग्गी में सेनजी महाराज की प्रतिमा विराजित कर चल समारोह में साथ चलेगी। चल समारोह के समापन पर



सायं 6.30 बजे सेनजी महाराज की महाआरती होगी उसके पश्चात् समाजजनों के लिये महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ का आयोजन स्वामी ऋषियानन्द सत्संग मण्डल के प्रमुख और समाज समाज के गौरव श्री महेश गेहलोद के नेतृत्व में होगा। गुजराती सेन समाज के डॉ. राजेश बोराना, सागरमल बोराना, प्रहलाद परिहार, एड. राजेश सौलंकी, एड. उमेश परमार, अर्जुनसेन राठौर (छोटू), मनीष राठौर (मोनू), हरिश परमार, अनिल परिहार, विजय जागीरदार, राजेश परिहार, सतीश देवड़ा, राजेश परमार, मुकेश चौहान, अशोक परमार, अमरचंद राठौर, प्रमोद चौहान, ब्रजेश टांक, राजेश चौहान, बद्रीभाई गेहलोद, बादल परिहार, दीपक गेहलोद, घनश्याम परमार, महेश परिहार, विजय गेहलोद (गोटू), मनोज गेहलोत आदि ने सभी समाजजनों से सेन जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों सपरिवार भाग लेने की अपील की है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2150 | 2466 |
| उडद | 10 | 3501 | 5611 |
| सोयाबीन | 5083 | 4000 | 4466 |
| गैहु | 11000 | 2350 | 2795 |
| चना | 1065 | 5260 | 5668 |
| मसुर | 182 | 5600 | 6200 |
| धनिया | 247 | 5700 | 7560 |
| लहसुन | 19500 | 3000 | 8200 |
| मैथी | 1292 | 4000 | 5900 |
| मुंगफली | 1318 | 4100 | 5401 |
| अलसी | 2260 | 6890 | 7200 |
| सरसो | 366 | 5500 | 5919 |
| तारामीरा | 3 | 5400 | 5500 |
| इसबगोल | 188 | 9601 | 12701 |
| प्याज | 3736 | 200 | 850 |
| कलोंजी | 38 | 11900 | 19400 |
| तुलसी बीज | 1 | 12991 | 12991 |
| डॉलर | 68 | 6600 | 9001 |
| तिल्ली | 20 | 8400 | 8501 |
| जौ | 25 | 2201 | 2320 |
| मटरसुखी | 8 | 3580 | 4500 |
| असालीया | 66 | 6820 | 7320 |
| चियाबीज | 135 | 8000 | 13130 |

